किसी राज्य में अन्य राज्यों के प्रशासकीय अधिकारी नियुक्त करने के बारे में प्रधान मंत्री के निर्देश

1490. **श्री मूलचन्द डागा :**
श्री रीत लाल प्रसाद वर्मा :
श्री माधव राव सिंधिया :
श्री रामावतार शास्त्री :
श्री के० लकप्पा :

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्रधान मंत्री ने हाल ही में बुलाई गई विभिन्न मंत्रालयों के सचिवों की एक दिवसीय विशेष बैठक में यह सुझाव दिया है कि किसी भी राज्य में नियुक्त 50 प्रतिशत अधिकारी उससे अन्य राज्यों के होने चाहियें;

(ख) क्या ऐसा करने से प्रशासनिक कार्य-कुशलता में सुधार होगा, कार्य निपटाने में तेजी आएगी तथा भ्रष्टाचार और लालफीता-शाही को कम करने में मदद मिलेगी;

(ग) क्या प्रधान मंत्री के निर्देशों का पालन किया जा रहा है; और

(घ) यदि हां, तो कब से पालन किया जाएगा और क्या इस सम्बन्ध में कोई रूपरेखा तैयार कर ली गई है और इसके अन्तर्गत किस श्रेणी के अधिकारी आयेंगे ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. वेंकटसुब्बय्या) : (क) से (घ) 22 जून, 1984 को हुई सचिवों की एक बैठक में, प्रधान मंत्री ने अन्य बातों के साथ-साथ इस आवश्यकता का उल्लेख किया था कि राष्ट्रीय एकता तथा प्रशासन में बेहतर कार्यकुशलता के हित को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक राज्य में अखिल भारतीय सेवाओं के 50 प्रतिशत अधिकारी उनके अपने मूल राज्यों से भिन्न दूसरे राज्य से लिए जाने चाहिए। अखिल भारतीय सेवाओं में भविष्य में किए जाने वाले आबंटनों में सीधी भर्ती के कोटे के "बाहरी व्यक्तियों" के कोटे को बढ़ाये जाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है ताकि प्रत्येक राज्य संवर्ग में पदोन्नत अधिकारियों सहित "भीतरी व्यक्तियों" तथा "बाहरी व्यक्तियों" का सम्पूर्ण अनुपात लगभग 1 : 1 बना रहे।

Amount Spent for Development of SCs/STs

1491. SHRI CHHITTUBHAI GAMIT : Will the Minister of PLANNING be pleased to state :

(a) the percentage of the total amount which has been spent for the development of SCs and STs in each of the Six Five Year Plans, Plan-wise; and

(b) the percentage of rural people brought above the poverty line as a result of these plans and the percentage of SCs and STs among them ?

THE MINISTER OF PLANNING (SHRI P. C. SETHI) : (a) The percentage of the total Plan expenditure in the public sector spent for development of scheduled castes and scheduled tribes in the six Five Year Plans is given below :

First Plan*	1.33
Second Plan*	1.53
Third Plan*	1.07
1966-69*	1.01
Fourth Plan*	0.96

* The expenditure relates only to the Special Sector of 'Backward Classes'. It excludes expenditure on SC/ST development from other sectors.